संख्या-5/52/63-व0उ0-2015-73(एच)/11

प्रेषक,

मोनिका एस0 गर्ग,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आयुक्त एवं निदेशक,
हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग,
उ0प्र0, कानपुर।

हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग अनुभाग **लखनऊ : दिनांक 26 फरवरी, 2015**

विषय:- राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत रिवाईवल, रिफार्म एण्ड रिस्ट्रक्चरिनंग (आर.आर.आर.) पैकेज के अन्तर्गत 1876 प्राथमिक बुनकर सहकारी समितियों के कम्प्यूटरीकरण हेतु स्वीकृत केन्द्रांश की धनराशि रू0 562.80 लाख के भुगतान की अनुमति प्रदान करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांक-1467/ह0क0-नियोजन/2014-15, दिनांक 08.01.2015 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत रिवाईवल, रिफार्म एण्ड रिस्ट्रक्चरिनंग (आर.आर.आर.) पैकेज के अन्तर्गत 1876 प्राथमिक बुनकर सहकारी समितियों के कम्प्यूटरीकरण हेतु भारत सरकार के पत्र दिनांक 20.10.2014 द्वारा स्वीकृत केनद्रांश की धनराशि रू0 5,62,80,000.00 (रूपया पॉच करोड़ बासठ लाख, अस्सी हजार मात्र) के भुगतान की अनुमति श्री राज्यपाल प्रदान करते हैं।

2- उपर्युक्त प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि का व्यय करने से पूर्व भारत सरकार द्वारा निर्गत किये गये निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा तथा शासकीय व्यय में मितव्ययिता बरते जाने के सम्बन्ध में वित्त विभाग द्वारा निर्गत शासनादेशों के निर्देशों का अनुपालन करते हुए भारत सरकार द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों के अन्तर्गत ही धनराशि अवमुक्त/व्यय की जा सकेगी।

3- उपर्युक्त प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि का व्यय किसी अन्य मद में नहीं किया जायेगा तथा स्वीकृत धनराशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र एक माह में शासन के सम्बन्धित विभाग एवं भारत सरकार को उपलब्ध कराया जायेगा। स्वीकृत धनराशि का सदुपयोग सुनिश्चित करने का पूर्ण उत्तरदायित्व निदेशक, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, उ0प्र0, कानपुर का होगा।

भवदीय,

मोनिका एस0 गर्ग
प्रमुख सचिव।

संख्या-52(1)/63-व0उ0-2015-73(एच)/11, तद्दिनांक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार (लेखा परीक्षा), प्रथम, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- वरिष्ठ कोषाधिकारी, कानपुर नगर।
3- महाप्रबन्धक, राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), 11 विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।
4- विकास आयुक्त (हथकरघा), वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, उद्योग भवन, नई दिल्ली।
5- निदेशक, वित्तीय एवं सांख्यिकीय निदेशालय, 125 जवाहर भवन, लखनऊ।
6- मुख्य लेखा परीक्षा अधिकारी, समितियॉ एवं पंचायतें, उ0प्र0 इन्दिरा भवन, अशोक मार्ग, लखनऊ।
7- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-6/ वित्त (बजट) अनुभाग-1/नियोजन अनुभाग-4
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
राज बहादुर
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in